स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

दिनांक 20.04.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

बारिश पूर्व चल रहे विकास कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश– आयुक्त

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त श्री के0एल0 चौहान ने निगम क्षेत्र के अंतर्गत चल रहे योजनाओं में प्रधानमंत्री आवास योजना, अमृत मिशन योजना, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, अधोसंरचना मद के विकास कार्य, केन्द्र एवं राज्य परिवर्तित योजना, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, धार्मिक न्यास के अंतर्गत कार्य, जिला खनिज संस्थान न्यास, सांसद निधि विधायक निधि, आदिम जाति कल्याण विभाग, महिला एवं बाल विकास के अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्य, खाद्य विभाग, शहरी स्वास्थ्य के उपयोगिता प्रमाण–पत्र, निगम मद सहित चल रहे अन्य कार्य से जुड़े समस्त विभाग प्रमुख, जोन आयुक्तों एवं अन्य अधिकारियों की समीक्षा बैठक निगम सभागार में ली।

निगम सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में सर्वप्रथम प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निगम क्षेत्र में निर्माणाधीन आवासों की प्रगति एवं पात्र हितग्राहियों जिन्हे आवास आबंटित किये जा चुके हैं उनकी जानकारी प्राप्त की ऐसे आवास जो वर्तमान में निर्माणाधीन है उन आवासों में जो कार्य निगम प्रशासन द्वारा किया जाना है उक्त कार्य को प्राथमिकता एवं निर्धारित समय पर पूर्ण करें जो अंशदान हितग्राहियों को देना है वो कार्य वे स्वयं करायेंगे शेष कार्य को अतिशीघ्र पूर्ण करें। निगम क्षेत्र के अंतर्गत इस योजना के लिए नियुक्त ठेकेदार से बारिश पूर्व कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिये तथा इस योजना के प्रभारी अधिकारी श्री साहू को सक्त निर्देश देते हुए कहा गया कि वे स्वयं जोन आयुक्तों के साथ स्थल निरीक्षण करें तथा गुणवत्तापूर्वक कार्य हो इस ओर विशेष ध्यान देवे।

मिशन अृमत योजना के अंतर्गत शहर की पेयजल योजना व्यवस्थित हो, घर–घर पानी पहुंचे, किसी परिवार को पानी की समस्या न हो के कार्य को पूर्ण करने के लिए पेयजल वाहिनी पाईप लाईन बिछाने, एवं निर्माणाधीन टंकी के कार्य प्रगति की समीक्षा की गई। निगम आयुक्त ने कहा कि शासन द्वारा समय–समय पर प्रगति की समीक्षा एवं मार्गदर्शन हेतु दिशा निर्देश प्राप्त होते रहते हैं। किस क्षेत्र में कितना प्रगति हुआ निर्धारित ड्राईंग के अनुरुप कार्य हो रहा है कि नहीं निर्धारित बिन्दुओं का सुक्ष्म परीक्षण करते हुए श्री चौहान ने नोडल अधिकारी को निर्देश दिये कि नवीन पाईप लाईन बिछाने, नक्शे के अुनरुप कार्य करने, मानचित्र के अुनसार ही अनुबंधित एजेंसी द्वारा पाईप लाईन बिछाने का कार्य किया जावेगा, जिसका पीडीएमसी एवं निकाय के अधिनस्थ तकनीकी अधिकारी द्वारा नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिये गये।

निगम आयुक्त श्री चौहान ने निगम क्षेत्र के अंतर्गत चल रहे विकास कार्य के लिए जो निविदा बुलाई जानी है तथा जिस कार्य का निविदा हो चुका है ऐसे सभी कार्य समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये। आगामी बारिश के मौसम को देखते हुए ऐसे सभी कार्य जो सीधे आम जनता से जुड़ी हुई है तथा क्षेत्र के विकास के लिए अति आवश्यक है ऐसे सभी कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करें ताकि बारिश के पूर्व कराये गये कार्य का लाभ आम जनता को मिल सके। निगम क्षेत्र में चल रहे सांसद, विधायक निधि सहित अन्य निर्माण कार्यों की जोनवार समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये ।

जन सम्पर्क अधिकारी